बदमाशों को पुलिसकर्मियों ने राहगीर की मदद से पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। हरिनगर इलाके में 8 अक्टूबर को बुजुर्ग का बैग झपटकर भाग रहे दो बदमाशों को एक शख्स ने गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों की मदद से दबोच लिया। आरोपियों गगन उर्फ घ्प्सतेंद्र और इशांत उर्फ घ्प्मुकेश के पास से चोरी हुए बैग में दस हजार, दो सोने की चेन और दो सोने की अंगूठियां बरामद की गईं। फिलहाल पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित 75 वर्षीय बुजुर्ग अपने परिवार के साथ हरिनगर इलाके में रहता है। पुलिस को दिए बयान में बुजुर्ग ने बताया कि उन्होंने विष्णु गार्डन स्थित एक गोल्ड लोन एजेंसी पर अपनी ज्वैलरी लोन के लिए रखी थी। 8 अक्टूबर को वह अपनी ज्वैलरी लेकर वापस घर आ रहा था। जब वह अपनी इमारत की सीढ़ियाँ चढ़ रहा था, तो एक अज्ञात व्यक्ति ने उसका बैग झपटने का प्रयास किया। पीड़ित बुजुर्ग ने शो मचा दिया। जिसके बाद वहां से गुजर रहे एक धोबी की दुकान लगाने वाले एक शख्स ने पीछा कर एक बदमाश को दबोच लिया। इसी दौरान वहां से गश्त के लिए निकले पुलिसकर्मी भी पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने आरोपियों के दूसरे साथी को भी दबोच लिया। आरोपियों के पास से बुजुर्ग का बैग बरामद कर लिया गया।

किशोरी के विवाद में कर दी थी डिलीवरी ब्वॉय की हत्या, एक पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। विजय विहार इलाके में बुधवार शाम स्विगी में डिलीवरी ब्वॉय दीपक नामक युवक की चाकू गोदकर हत्या करने की वारदात में शामिल निखिल तोमर उर्फ नीरज उर्फ राका नामक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। आरोपी नाबालिग उम्र में भी कई वारदातों में शामिल रहा है। वारदात को एक किशोरी को लेकर हुए विवाद के बाद अंजाम दिया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभी बाप बेटा समेत तीन की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विजय विहार पुलिस को बुधवार शाम पांच बजकर बीस मिनट पर निरंकारी भवन के पास एक युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। इलाके में रहने वाला दीपक (28) सडक पर खून से लथपथ हालत में गिरा हुआ था। जिसको तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। दीपक के परिजनों को वारदात की जानकारी दी। दीपक स्विगी में डिलीवरी ब्वॉय के रूप में नौकरी करता था। वारदात के दिन, वह अपने घर के बगल वाली गली में अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था, जहां कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और कई बार चाकू मार दिया। दीपक तीन वारदातों में शामिल रहा था।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। इंस्पेक्टर सुशील शर्मा, एसआई राजीव, मोहित, सौरव और जगदीश, एएसआई कैलाश यादव और दीपक चंद, हेड कांस्टेबल नवीन, हवा सिंह, अमित और विपिन तायगी और कांस्टेबल आशीष, प्रशांत और विकास फोगट को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। परिजनों से पूछताछ की। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। पुलिस टीम को पता चला कि वारदात वाले दिन बाप बेटा समेत चार आरोपी मौके पर मौजूद थे। जिसमें से दो ने पकड़ा था और दो ने चाकू मारे थे।

पुलिस ने करीब दो सौ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर और आरोपियों के फोन को सर्वलांस पर लगाकर उनकी लोकेशन ट्रेस करके आरोपी निखिल तोमर उर्फ नीरज उर्फ राका को दिल्ली से फरार होने से पहले गिरफ्तार कर लिया। जिससे पता चला कि वारदात करने की योजना जेल में बनी थी। वह मुख्य आरोपी का साथी है और वह किसी मामले में जेल में सजा काट रहा था। वारदात के वक्त उसने और मुख्य आरोपी ने दीपक के चाकू मारे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक दीपक और मुख्य आरोपी की एक इलाके में रहने वाली किशोरी से दोस्ती थी। जिसको लेकर विवाद चल रहा था। किशोरी अब कहीं ओर रह रही है।

किश्त नहीं चुकाने पर कार को चोरी करवाया, मालिक समेत दो पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। कंझावला पुलिस ने एक ऐसे कार मालिक को उसके साथी के साथ गिरफ्तार किया है। जिसने कार की किश्तें नहीं चूकाने पर कार को अपने ही जानकार को देकर चोरी की एफआईआर दर्ज करवा दी। आरोपियों की पहचान वाहन चोर हसीब और कार मालिक महफूज देवबंद के रूप में हुई। पुलिस ने कार भी जब्त कर ली है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते पांच अक्तूबर को कंझावला इलाके से यूपी नंबर की हुंडई ऑरा टैक्सी चोरी होने की ई एफआईआर मीर विहार,मदनपुर डबास में रहने वाले महफूज ने दर्ज करवाई थी। हेड कांस्टेबल राहुल, सुनील, रविदत्त, राजेश और दीपक और कांस्टेबल अनिल को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। आरोपी हसीब को उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि उसने वाहन के मालिक के निर्देश पर कार चुराई थी। पुलिस ने कार मालिक महफूज देवबंद को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि उसने एक फाइनेंस कंपनी से अपनी कार को फाइनेंस किया था और किश्तों का भुगतान करने में असमर्थ था। इसलिए, उसने बीमा कंपनी से बीमित राशि का दावा करने के लिए एक झूठी एफआईआर दर्ज करने की योजना बनाई। आरोपी महफूज की निशानदेही पर चोरी की गई कार देवबंद, यूपी से बरामद की गई।

संदीप पाठक ने 'बूथ मीटिंग तैयारी' को लेकर की अहम बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉक्टर संदीप पाठक ने श्बूथ मीटिंग तैयारीश को लेकर पार्टी मुख्यालय में एक अहम बैठक की। इस बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव और अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में डॉ संदीप पाठक ने सभी कार्यकर्ताओं में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर उत्साह भरा। संदीप पाठक ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी पूरी तरीके से तैयार है। दिल्ली में हमारा संगठन पहले से ही काफी मजबूत है जिसे और ज्यादा मजबूती तक लेकर जाना है। हमें प्रदेश के हर बूथ को मजबूत बनाना है। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने आगे कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे भाजपा फिर से हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचेगी। हमें भाजपा के किसी भी षड्यंत्र में नहीं फंसना है। हमें सिर्फ काम की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करना है। हम सबको मिलकर अरविंद केजरीवाल जी को फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना है। जब तक अरविंद केजरीवाल जी फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री नहीं बन जाते तब तक हम चौन से नहीं बैठेंगे।

अरविंद केजरीवाल जी कट्टर ईमानदार नेता हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी को छोड़ने से पहले एक बार भी नहीं सोचा। आज के समय में अगर किसी के पास कोई छोटा पद भी हो तब भी वह उसे नहीं छोड़ता लेकिन अरविंद केजरीवाल जी ने तो दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। इसी से ही उनकी ईमानदारी साबित हो जाती है। अरविंद केजरीवाल जी को कुर्सी से नहीं, दिल्ली की जनता से प्यार है। दिल्ली के लोगों के लिए वह रात दिन काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी को तोड़ने की पूरी कोशिश की लेकिन आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता ने भाजपा के साथ समझौता नहीं किया। आम आदमी पार्टी का कोई भी नेता भाजपा के सामने नहीं झुका। अब हमारे नेता अरविंद केजरीवाल जी जेल से छूटकर हमारे बीच आ चुके हैं। अब बीजेपी का कोई भी षड्यंत्र दिल्ली में कामयाब होने वाला नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी एक बार फिर से दिल्ली में जीत का परचम लहराएगी।

घर में हुई चोरी का मामला सुलझा, आरोपी चोर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के अशोक विहार थाने के स्टाफ ने घर में हुई चोरी के एक मामले को सुलझाकर एक आरोपी चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से शिकायतकर्ता की चार चांदी की पायल, दो सोने की बालियां, एक सोने की नोजपिन, एक हाथ का कंगन,एक सोने का मंगलसूत्र बरामद किया। आरोपी चंदन उर्फ घ्राहुल एक आदतन और सक्रिय अपराधी पाया गया, जो पहले चोरी, झपटमारी और सेंधमारी के 09 मामलों में शामिल रहा है। उसने आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध करना शुरू किया ताकि ड्रग्स/शराब की अपनी लत को पूरा कर सके। दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि एक व्यक्ति ने अपने घर से 20,000/- नकद, दो जोड़ी सोने की झुमकी, दो जोड़ी चांदी की पायल और अन्य सोने की वस्तुओं की चोरी की सूचना दी थी।इस संबंध में अशोक विहार थाने में मामला दर्ज कर एसीपी/अशोक विहार संजीव कुमार की देखरेख में एसएचओ अशोक विहार कुलदिप सिंह के नेतृत्व में एसआई सचिन, हेड कांस्टेबल करणपाल और कांस्टेबल विनोद की टीम ने शिकायतकर्ता से विस्तार से पूछताछ की गई और आरोपी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया।

मुख्यमंत्री आतिशी मेट्रो रेल कॉरपोरेशनऔर नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ दल्ली में आने वाली सड़कों की रिपेयरिंग की समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए।

किसानों को नामांकन दाखिल करने से रोका

शाह टाइम्स संवाददाता

बरूकी। सहकारी गन्ना समिति में नामांकन के दौरान हुए कृत्य को देखते हुए आज भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की एक बैठक युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी के निवास स्थान शाहपुर सैदू में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा किसानों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। जिस प्रकार गन्ना समिति बिजनौर में जिला प्रशासन द्वारा समिति के ताले लगाकर केवल सत्ता पक्ष के नामांकन ही दाखिल कराए गए हैं और किसानों को नामांकन नहीं दाखिल करने दिए गए हैं। यह बहुत ही निंदनीय है। विकास चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी बिजनौर को बिजनौर समिति चुनाव में आरओ बनाया गया था। लेकिन उनके सामने ही सत्ता पक्ष के लोगों ने बरूकी सर्किल से नामांकन करने आए शीशराम सिंह के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें समिति से गायब कर दिया और उप जिलाधिकारी बिजनौर देखते रहे।

विकास चौधरी ने कहा कि इस कृत्य को देखने पर ऐसा लगा कि जिला प्रशासन सत्ता पक्ष के लोगों के लिए ही कार्य करेगा। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक के अंत में मांग की गई गया कि प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ मानहानि का दावा किया जाएगा और इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, कृष्णपाल सिंह, महफूज चौधरी, असलम अहमद, फहीम अहमद, सुभाष, लक्ष्मी चौधरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, पीतम सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गड्ढा मुक्त होंगी दिल्ली की सड़कें: सीएम

नई दिल्ली। दिल्ली की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने और शहर में लोगों को बेहतर सड़कें देने के क्रम में मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशनऔर नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ इन एजेंसीज के अंतर्गत दिल्ली में आने वाली सड़कों के रिपेयरिंग की समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में डीएमआरसी और एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री आतिशी को अपने अंतर्गत आने वाली सड़कों के मरम्मत कार्य की प्रगति के विषय में अवगत करवाया। बैठक में डीएमआरसी और एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने अपने अंतर्गत आने वाली सड़कों के मरम्मत कार्यों की प्रगति के विषय में साझा करते हुए बताया कि, पिछले सप्ताह भर में ज्यादातर सड़कों में पैचवर्क और पॉटहोल्स को भरने का काम पूरा हो चुका है। और अगले 2 सप्ताह के भीतर पैचवर्क और पॉटहोल्स को भरने का सारा काम पूरा हो जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, सरकार के रूप में हमारा प्राथमिकता दिल्ली के लोगों को बेहतर और सड़कें देना है। इस विजन को पूरा करने के लिए सभी एजेंसीज युद्धस्तर पर काम कर रही है और शहर की सड़कों को बेहतर बना रही है। उन्होंने कहा कि, पिछले दिनों हमनें निरीक्षण में पाया कि दिल्ली में कई सड़कें जर्जर हाल में है और जगह-जगह गड्ढे होने के कारण लोगों की यहां ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ता है। सीएम आतिशी ने कहा कि, सड़कों को ठीक करने की दिशा में सभी एजेंसीज ने जिस तरह मिलकर काम किया है वो सराहनीय है।

पुलिसकर्मियों के बीच से बाइक ले गए बदमाश

नई दिल्ली। सदर बाजार इलाके में से पुलिस और पैरामिलिट्री फॉर्स के जवानों के बीच से चोर एक खड़ी बाइक को डूप्लीकेट चाबी से लॉक खोलकर लेकर फरार हो गए। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता बादल सिंह (54) परिवार के साथ रानी बाग स्थित मुल्तानी मौहल्ला इलाके में रहते हैं। सदर बाजार स्थित राम मार्ग पर उनका ऑफिस है। शिकायतकर्ता ने बताया कि मंगलवार सुबह दस बजे वह ऑफिस आए थे। शाम करीब सात बजे जब वह घर जाने के लिये बाइक लेने गए। बाइक गायब थे। काफी तलाशने के बाद जब एक सीसीटीवी कैमरा देखा,पैरामिलिट्री फॉर्स की बस के साइड खड़ी बाइक का पहले हैंडल तोडने की कोशिश करते है। उसके बाद डूप्लीकेट चाबी से बाइक का लॉक खोलकर उसको कुछ दूरी तक घसीटकर ले गए थे।

दिल्ली की मुख्य सड़कों की बदहाली के चलते चरमराई सीवर व्यवस्था: चांदोलिया

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के महामंत्री एवं सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने कहा है की यह हास्यास्पद है की गत दो सप्ताह से मुख्य मंत्री आतिशी मार्लेना केवल नित नई बदहाल सड़कों की सूची जारी कर रही हैं जबकि काम अभी तक एक सड़क पर शुरू हुआ नही दिख रहा है। सांसद चांदोलिया ने कहा है की पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल ने गत सप्ताह आतिशी मार्लेना के साथ बैठ कर स्पष्टता से कहा था की दिल्ली की सड़कें चुनाव तक ठीक होंगी जिसका मतलब है की दिल्लीवालों को अभी तीन माह और इन बदहाल सड़कों को झेलना होगा। चांदोलिया ने कहा है की दिल्ली की मुख्य सड़कों की बदहाली का मुख्य कारण चरमराई सीवर व्यवस्था भी है ऐसे में मुख्य मंत्री बतायें की बिना सीवर लाइन एवं ड्रेनेज ठीक करे वह यह चुनावी लीपा पोती क्यों करवा रही हैं।

नवरात्र में सब्जियों की कीमतों में इजाफा

नई दिल्ली। नवरात्र के दौरान व्रत के कारण फलों की कीमत थोड़ी बढ़ी मगर सब्जियों की कीमतों में काफी इजाफा हुआ है। आम दिनों में 30 रुपये किलो मिलने वाला आलू अब 50 रुपये किलो मिल रहा है। खुदरा बाजार में लौकी के अलावा कोई भी सब्जी 80 रुपये प्रति किलो से कम नहीं है। नवरात्र के दौरान लोग आलू का प्रयोग ज्यादा करते हैं।

अवैध हथियारों के साथ बदमाश पकड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अवैध हथियार रखने वाले बादल यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पिस्टल,कारतूस और वारदात में इस्तेमाल हुंडई ऑरा कार बरामद की है। पुलिस आरोपी के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी गुरुदेव सिंह की देखरेख पुलिस टीम ने सीमापुरी स्थित शमशान घाट के पास घेराबंदी करके आरोपी को हथियार और कार के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि उसने गाजियाबाद और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से दो पहिया वाहन चोरी करना शुरू किया था। उसे कई बार गिरफ्तार किया जा चुका है। एक बार गाजियाबाद पुलिस के साथ मुठभेड़ में उसे गोली लग गई थी। उसके बाद उसने अपने एक जानकार से अवैध देशी पिस्तौल खरीदी थी। वह अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा देशी पिस्तौल अपने साथ रखता है। वह दर्जनों मामलों में शामिल रहा है। वह गाजियाबाद जिले का हिस्ट्रीशीटर है।

रेप व हत्या में रह चुके शामिल, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। महिन्द्रा पार्क पुलिस ने ई रिक्शा छीनने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आदतन अपराधी है और पहले से दोनों रेप और हत्या जैसे जघन्य मामलों में शामिल रह चुके है। दोनों 23 आपराधिक मामलों में शामिल रह चुके है। उनके पा से छीना गया ई-रिक्शा भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान जहांगीरपुरी निवासी 47 वर्षीय सिकंदर उर्फ राजा और 24 वर्षीय शेख आलमगीर के तौर पर हुई है।

डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 9 अक्टूबर को महिन्द्रा पार्क पुलिस को एक ई-रिक्शा छीनने के बारे में सूचना मिली थी। सूचना के बाद घटना स्थल जहांगीरपुरी रेड लाइट के पास पुलिस वाले पहुंचे। वहां पर मुकुंदपुर निवासी विजय पाल मिले। उन्होंने बताया कि वह रेड लाइट के पास खड़े थे। तभी दो बदमाश आए और ई-रिक्शा छीन कर फरार हो गए। उनके शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फिर मुखबिरों को लगाया गया। फिर उनके बारे में पता कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में पता चला कि सिकंदर उर्फ राजा पहले से हत्या समेत 11 जबकि शेख आलमगीर रेप समेत 12 आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

क्रम सं.-01, ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "01-जीकेपी-एमडब्लूएस-2024-25-2" निविदा कार्य का विवरण: "एएमसी ऑफ नॉर्स-ब्रेम्से मेक फिटेड एक्सल माउन्टेड डिस्क ब्रेक सिस्टम (एएमडीबीएस) ईन एलएचबी कोचेस फॉर 1 ईयर एट मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर", अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 17,87,28,575/-, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 10,43,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 29-10-2024, 11:00 बजे, संविदा की अवधि: 12 माह।

• उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *https://www.ireps.gov.in* पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य, यांत्रिक
मुजाधि/यांत्रिक-66 कारखाना, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे

उत्पाद/ब्रांड्स को सूचिबद्ध करने के लिए सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस/एनडीएलएस, विभिन्न उत्पाद श्रेणी के प्रसिद्ध ब्रांडों/खाद्य पदार्थों (पीएडी/गैर-पीएडी) के नए/मौजूदा निर्माता/आपूर्तिकर्ताओं से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित करते हैं, ताकि इन वस्तुओं को दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में स्थिर/लघु/विभागीय खानपान इकाइयों में बिक्री/आपूर्ति के लिए अनुमोदित/लघु सूचीबद्ध ब्रांड की सूची में लाया जा सके।

कृपया ध्यान दें कि शॉर्टलिस्टिंग के लिए आवेदन 15 जनवरी, 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे से 17.00 बजे के बीच कार्यालय वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस/नई दिल्ली में जमा किया जा सकता है। इन आवेदनों पर प्राथमिक शॉर्टलिस्टिंग के लिए विचार किया जाएगा और यह अवधि 01.04.2025 से 31.03.2027 तक की अवधि के लिए वैध होगी। विस्तृत जानकारी और खाद्य पदार्थों की सूची उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी संशोधन, संशोधन संबंधी जानकारी के लिए कृपया समय-समय पर उक्त वेबसाइट पर जाएँ। 3145/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/परियोजना/पूर्व, बड़ौदा हाउस, उत्तर रेलवे, 'भारत के राष्ट्रपति' की ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर दो चरणीय रिवर्स नीलामी (दो पैकेट प्रणाली) के अंतर्गत 'खुली' ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1	कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के गाजियाबाद-मुरादाबाद-बरेली-रोजा-सीतापुर खंड में कवच (टीकास), टावरों और अन्य संबंधित कार्यों का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।
2	निविदा संख्या	172-Sig-TW-Kavach-T25
3	कार्य की अनुमानित लागत	89,32,64,328.33 रुपये (नवासी करोड़ बतीस लाख चौसठ हजार तीन सौ अट्ठाईस रुपये तथा तैंतीस पैसे मात्र)
4	निविदा फार्म की लागत	00.00
5	धरोहर राशि	रु. 46,16,300.00/- (छियालीस लाख सोलह हजार तीन सौ मात्र)
6	कार्य समापन की अवधि	18 महीना
7	बोली-पूर्व सम्मेलन	28.10.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे ऑनलाइन https://meet.google.com/nij-nwsp-xje
8	निविदा समापन तिथि एवं समय	25.11.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे
9	निविदा फार्म प्राप्त करने जमा करने	भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर

3147/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

SHRIRAM HOUSING FINANCE

श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

मुख्य कार्यालय: लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051, **फोन:** 022 4241 0400, 022 4060 3100 ; **वेबसाईट:** http://www.shriramhousing.in.
पंजीकृत कार्यालय: श्रीनिवास टॉवर, पहली मॉजिल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, दूसरा लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, टेनामपेट, चेन्नई- 110016.
शाखा कार्यालय: एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरूद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली- 110016

परिशिष्ठ-IV-A (नियम 9(1) का प्रावधन देखें) **अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता के लिए और विशेष रूप से ऋणी और गारंटर के लिए कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। दिनांक **31 अक्टूबर 2024** को सुबह **11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे के** बीच ई-नीलामी में **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** के आधार पर बेचा जाएगा। श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को बकाया राशि की वसूली के लिए उधारकर्ताओं और गारंटरों से, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा और वेतन वृद्धि भी नीचे दी गई है:

उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम	13(2) मांग सूचना की दिनांक और राशि	आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि	धरोहर राशि जमा विवरण (ईएमडी) विवरण	नीलामी की दिनांक और समय	सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक
मैसर्स डायमंड स्वीट्स अपने मालिक/साझेदार/प्रबंधक निदेशक/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता दुकान नंबर जी-58, ग्राउंड फ्लोर, वर्धमान प्लस सिटी मॉल, सेक्टर-23, द्वारका, नई दिल्ली-110075। श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी श्री राकेश शर्मा फ्लैट नंबर ए-1-083, 8वीं मंजिल, शोभा सिटी, सेक्टर-108, द्वारका एक्सप्रेस वे, गुरुग्राम, हरियाणा -122006. इसके अलावा: मकान नंबर VII/19, पुराना नंबर VII/550/19, खसरा नंबर 742, ज्वाला नगर, शाहदरा, दिल्ली-110032. श्री राकेश शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री राम प्रकाश शर्मा फ्लैट नंबर ए- 1- 083, 8वीं मंजिल, शोभा सिटी, सेक्टर-108, द्वारका एक्सप्रेस वे, गुरुग्राम, हरियाणा -122006। इसके अलावा: मकान नंबर 7/19-ए, ज्वाला नगर, लाहौरी वाली गली, शाहदरा दिल्ली-110032. इसके अलावा: मकान नंबर VII/19, पुराना नंबर VII/550/19, खसरा नंबर 742, ज्वाला नगर, शाहदरा, दिल्ली-110032। श्री मुकेश शर्मा पुत्र स्वगीय श्री राम प्रकाश शर्मा फ्लैट नंबर ए-1-083, 8वीं मंजिल, शोभा सिटी, सेक्टर-108, द्वारका एक्सप्रेस वे, गुरुग्राम, हरियाणा -122006। इसके अलावा: हाउस नंबर 7/19-ए, ज्वाला नगर, लाहौरी वाली गली, शाहदरा, दिल्ली 110032.	13-अप्रैल-2024 रू. 32,50,686/- (रुपये बत्तीस लाख पचास हज़ार छह सौ छियासी मात्र) संदर्भ में ऋण खाता संख्या- SLHGHRK00 01527 अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि के साथ।	रू. 30,00,000/- (रूपये तीस लाख मात्र) **बोली वृद्धि:** रू. 10,000/- और ऐसे गुणकों में	ईएमडी राशि आरटीजीएस /एनईएफटी के माध्यम से निम्न वर्णित खातों में जमा किया जा सकता है। **बैंक का नाम-** एक्सिस बैंक लिमिटेड **शाखा** - बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई **बैंक खाता सं.-** चालू खाता नं. 911020045677633 IFSC CODE- UTIB0000230	31 अक्टूबर 2024 समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक	संजीव शर्मा फोन नं. 011-40725822 कस्टमर केयर नं. 022-40081572 सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 25 अक्टूबर 2024 समय 11:00 बजे से शाम 4: 00 बजे तक
धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.) रू. 3,00,000/- (रूपये तीन लाख मात्र) **ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 सुबह 10:00 बजे से 5:00 बजे तक**					
कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार 26-जुलाई-2024 - भौतिक कब्जा					
भार ज्ञात - ज्ञात नहीं					

सम्पत्ति का विवरण

संपत्तियों के सभी भाग और पार्सल पर निर्मित द्वितीय तल पर मकान नंबर VII/19, पुराना नंबर VII/550/19, भूमि क्षेत्रफल - 115 वर्ग, गज, अंतिम मंजिल तक छत के अधिकार के साथ, खसरा 742, ज्वाला नगर, शाहदरा, दिल्ली-110032। उक्त संपत्ति की सीमाएँ:-उत्तर: अन्य संपत्ति, दक्षिण: अन्य संपत्ति, पूर्व: अन्य संपत्ति, पश्चिम: गली

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों, बोली फॉर्म, प्रशिक्षण और अन्य के लिए श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की वेबसाइट http://shriramhousing-in/e-auction- Residential पर भी जा सकते हैं, जो श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
संशोधित सरफेसी अधिनियम, 2002 के अनुसार नियम 9(1) के तहत बाद की बिक्री के लिए वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना।
गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं को नीलामी से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है, अन्यथा सुरक्षित संपत्ति उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएगी।
गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे संपत्ति के अंदर मौजूद सभी चल वस्तुओं को वापस ले लें।
**ध्यान दें: कृपया ध्यान दें कि सुरक्षित ऋणदाता सभी उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को स्पीड/पंजीकृत डाक द्वारा बि